कतर राष्ट्र के अमीर महामहिम शेख तमीम बिन हमद अल थानी के सम्मान में आयोजित भोज

में

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का अभिभाषण

राष्ट्रपति भवन, 18 फ़रवरी, 2025

कतर राष्ट्र के अमीर, महामहिम शेख तमीम बिन हमद अल थानी की भारत की दूसरी राजकीय यात्रा पर राष्ट्रपति भवन में उनका और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

महामहिम,

आपकी यह यात्रा हमारे ऐतिहासिक संबंधों और मैत्री में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। दोनों देशों के बीच विशेष संबंध रहे हैं जो बेहद घनिष्ठ और जीवंत हैं।

पारंपरिक जलयानों, जिन्हें 'ढो' के रूप में जाना जाता है, ने परंपराओं, वस्तुओं, विचारों और सांस्कृतिक निधियों के आदान-प्रदान द्वारा सदियों से दोनों देशों को आपस में जोड़े रखा है।

कतर में रहने वाले भारतीय समुदाय ने कतर को अपना दूसरा घर बना लिया है और वे स्थानीय समाज में सरलता से घुल मिल गए हैं। मैं इस मेजबानी और उनकी इतनी अच्छी देखभाल के लिए आपकी और कतर के लोगों की हृदय से आभारी हूं।

महामहिम,

आज भारत और कतर के बीच 'Strategic Partnership' संबंधी agreements पर हुए हस्ताक्षर इस बात का प्रमाण है कि हम अपने आपसी संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी तैयार करने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं। यह हमारे लोगों की भावना और प्रयास का भी सम्मान है ताकि दोनों देशों की प्रतिभा, संसाधनों और संस्कृति के बीच तालमेल स्थापित किया जा सके।

महामहिम,

हमारा रिश्ता कूटनीति और राजनीति की सीमाओं से परे है। मुझे खुशी है कि भारत-कतर के बीच विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सहयोग लगातार प्रगाढ़ हो रहा है और इसमें दोनों सरकारों की उच्च स्तर की वार्ताएं भी शामिल हैं।

पिछले वर्ष लगभग 14 billion US dollars के द्विपक्षीय व्यापार और भारत में कतर के बढ़ते हुए निवेश के साथ, हमारे आर्थिक संबंध मजबूत हुए हैं। मुझे बहुत खुशी है कि Qatar Investment Authority और कतर के अन्य निवेशकों ने भारतीय बाजारों में काफी रुचि और विश्वास दिखाया है जिसके फलस्वरूप कतर से भारत में होने वाले निवेश में भारी वृद्धि हुई है।

ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक सहयोग, शिक्षा और लोगों के आपसी संबंधों जैसे क्षेत्रों में हमारे बहुआयामी संबंधों को और सुदृढ़ किए जाने की अपार संभावनाएं हैं।

भारत विश्व में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और ऐसी उम्मीद है कि आने वाले दशकों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन

आर्थिक शक्तियों में होगा। हम और भी मजबूत आर्थिक साझेदारी के निर्माण के लिए एक-दूसरे की क्षमताओं का लाभ उठा सकते हैं।

महामहिम,

भारत और कतर दोनों, अपने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए innovation और sustainability पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। कतर ने 2030 के लिए अपनी National Development Strategy तैयार की है जबकि हमारा लक्ष्य है कि हम 2047 तक "विकसित भारत" बनें।

इन लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए मैं दोनों देशों के बीच technology के क्षेत्र में साथ मिलकर काम करने की अपार संभावनाएं देखती हूं जिनमें healthcare, ऊर्जा, पर्यटन एवं शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में Artificial Intelligence का उपयोग शामिल है। हमारे start-ups भारत और कतर, दोनों देशों में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

महामहिम,

हमारे दोनों देशों के लोग सदियों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और परंपराओं के माध्यम से जुड़े हैं। हमारे सदियों पुराने संबंधों की झलक हमारे लोगों के पसंदीदा कला, संगीत और खान-पान में भी देखी जा सकती है - चाहे वह बिरयानी हो या "कड़क चाय"! मुझे आशा है कि कतर से आए हमारे मित्र आज के रात्रिभोज के दौरान इस अद्‌वितीय सांस्कृतिक बंधन का अनुभव कर पाएंगे।

महामहिम, मुझे विश्वास है कि भारत की आपकी राजकीय यात्रा हमारे दीर्घकालिक और बहुआयामी संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ेगी जिससे हमारे लोगों को लाभ होगा। हम वर्षों से चले आ रहे मित्रता और सहयोग के इन

बंधनों को बहुमूल्य मानते हैं और इन संबंधों को और मजबूत बनाने की आशा करते हैं।

इन शब्दों के साथ, महामहिम, देवियो एवं सज्जनो, आइए हम सब मिल कर:

> कतर राष्ट्र के अमीर महामहिम शेख तमीम बिन हमद अल थानी के अच्छे स्वास्थ्य,
> कतर के लोगों की निरंतर प्रगति एवं समृद्धि, तथा
> भारत और कतर के बीच मजबूत संबंधों के लिए,

अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करें।

धन्यवाद।

*****